सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः– श्री अंशुल सिंह, R.A.S.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्याः 04/2019 दायर दिनाँक 02.12.2019

प्रार्थी		अप्रार्थीगण
1. तहसीलदार डीडवाना जिला–नागौर, राजस्थान।	बनाम्	1. असफाक अली पुत्र सलीम जाति देशवाली निवासी खातियाबासनी तहसील–डीडवाना, जिला–नागौर राजस्थान, वगैरा।

प्रार्थना पत्र बाबत्
चालू स्थाई सार्वजनिक रास्तों का रेकर्ड में अंकन बाबत
राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम– 58, 59, 60, 66, 86
अन्तर्गत धारा 131, 132 L.R.Act.

–:: निर्णय ::–

दिनाँक 06.12.2019

तहसीलदार डीडवाना ने राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनाँक 10.08.2016 के संदर्भ में अपने पत्र क्रमांक रास्ता/2019/राजस्व/119 दिनाँक **02.12.2019** के द्वारा ग्राम–**थाणु** पटवार मण्डल–**सुपका** के संलग्न सूची के अनुसार चालू स्थाई सार्वजनिक रास्तों का जमाबन्दी एवं नक्शे में अंकन किये जाने बाबत पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। सभी पक्षकारों द्वारा चालू स्थाई सार्वजनिक रास्तों का रेकर्ड में अंकन बाबत राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम– 58, 59, 60, 66, 86 अन्तर्गत धारा 131, 132 L.R.Act. के तहत अपनी सहमति प्रदान करते हुए न्यायालय में उपस्थित हो हस्ताक्षर किये।

राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनाँक 10.08.2016 के अनुसार ऐसे चालु रास्तो का राजस्व अभिलेख में अंकन राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 131 एव 132 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 एवं 86 के प्रावधानानुसार तहसीलदार के प्रार्थना पत्र पर किया जायेगा।

तहसीलदार डीडवाना ने राज्य–सरकार के परिपत्र क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 जयपुर दिनांक 10.08.2016 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र पेश किया है। राज्य सरकार के परिपत्र के संदर्भ में प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर संलग्न सूची व ट्रेस नक्शे के अनुसार ग्राम–**थाणु** पटवार मण्डल–**सुपका** में चालु स्थाई सार्वजनिक रास्तों का राजस्व रेकर्ड में अंकन करते हुए ग्राम थाणु के खसरा सं0 229 रकबा 0.25 हैक्टयर किस्म गै0मु0 सडक को बिलानाम सडक स्वतंत्र घोषित की जाती है। संलग्न सूची व ट्रेस नक्शा निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा। तदनुसार राजस्व रेकर्ड में तरमीम हों।

(अंशुल सिंह)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलक्टर डीडवाना (नागौर)

निर्णय आज दिनाँक 06.12.2019 को सरे इजलास में सुनाया गया।

(अंशुल सिंह)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलक्टर डीडवाना (नागौर)

Scanned by CamScanner